I/9648/2023

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

**विज्ञापन सं. डीएसटी/01/2022 – स्था - III**
**(वैज्ञानिक 'सी' के एक पद हेतु पुनः विज्ञापन )**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में इंस्पायर कार्यक्रम के तहत वैज्ञानिक के '01' (एक) पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर नीचे दिए गए ब्योरे के अनुसार भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:**

**1. पद का नाम : वैज्ञानिक 'सी'**

i. **कुल रिक्तियों की संख्या**: एक (01)
ii. वेतन मैट्रिक्स में स्तर : स्तर 11 (रू.67,700-2,08,700/-)
iii भर्ती की पद्धति : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)
iv पद की प्रकृति : अस्थायी
v. प्रतिनियुक्ति की अवधि: तीन वर्ष अथवा कार्यक्रम के पूरा होने तक, जो भी पहले हो ।

**vi. पात्रता**

**क.** भारत या विदेश में केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत

(i) वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद: जो नियमित अनुरूप पद के धारक हों; अथवा

(ii) पे बैंड -3, 15600-39100 रुपये के ग्रेड पे के साथ 5400 रुपये (सातवीं सीपीसी के अनुसार स्तर 10) या समकक्ष के ग्रेड वेतन के साथ नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में पांच साल की सेवा के साथ; और

**ख.** जो निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखने वाले हों

**अनिवार्य:**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से प्राकृतिक विज्ञान या कृषि विज्ञान में मास्टर डिग्री या इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में स्नातक की डिग्री।

(ii) औद्योगिक और शैक्षिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगकी संगठन और वैज्ञानिक कार्यों तथा सेवाओं में अनुसंधान और विकास के चार वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से प्राकृतिक विज्ञान या कृषि विज्ञान में

डॉक्टरेट डिग्री या इंजीनियरी  या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में मास्टर डिग्री या समकक्ष।

**3. टिप्पणी 1:** अनिवार्य अर्हता प्राप्त करने में व्यतीत अवधि को अनुभव में नहीं जोड़ा जाएगा तथापि किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से डाक्टरेट डिग्री प्राप्त करने पर अधिकतम हो वर्ष की व्यतीत अवधि या किसी विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान में पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान में व्यतीत अवधि को जिसे ऐसे विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा प्रमाणन से साक्ष्यांकित किया गया हो, और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य के प्रकाशन को, अधिकतम दो वर्षों की अवधि के अध्यधीन, अनुभव में जोड़ा जाएगा।

**टिप्पणी** 2: केवल अनिवार्य अर्हता प्राप्त करने के बाद प्राप्त अनुभव को ही अनुभव में गिना जाएगा।

**टिप्पणी** 3: इस नियुक्ति से ठीक पूर्व के उसी अथवा किसी अन्य संगठन या केंद्र सरकार विभाग में धारित किसी संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी लेकिन सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अधिकतम पांच वर्षों के अध्यधीन, वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**4. आयु सीमा:**

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को **56** वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5 <u>**सामान्य :**</u>

i. विभाग के पास नियुक्ति को कोई कारण बताए बिना किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार है।
ii. विहित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और उक्त अर्हताएं धारित करने मात्र से कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने का हकदार नहीं होगा। यदि विज्ञापन की प्रतिक्रिया में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होंगे तो सुनिर्धारित मानदंडों, जिनमें वांछनीय अर्हताएं होना और/या विज्ञापन में विहित अनुभव होना और/अथवा विभाग की विशिष्ट अपेक्षा के अनुरूप किसी क्षेत्र विशेष में अर्हताएं/अनुभव होना शामिल होगा, के आधार पर विभाग द्वारा लघुसूचीयन प्रक्रिया के जरिए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तर्कसंगत रूप में सीमित रखी जाएगी। साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाए गए/नियुक्ति हेतु नहीं चयन किए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।**किसी प्रकार की संयाचना करने से अभ्यर्थिता अयोग्य हो जाएगी।**
iii. चयनित अभ्यर्थी को भारत सरकार की अपेक्षानुसार देश भर में कहीं भी पदस्थापित किया जा सकता है।
iv. नियुक्ति की अवधि और शर्त समय-समय पर यथासंशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा.सं. 6/8/2019-स्था (वेतन.II) के अनुसार होंगे।
v. पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

**6. आवेदन कैसे करें:** आवेदन प्रक्रिया में दो चरण हैं:-

I. **ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरना**

(क) पात्र उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे वैध ईमेल आईडी का उपयोग करके केवल **ऑनलाइन** पोर्टल https://recruitment.dst.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन करने के लिए यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा।

(ख) उम्मीदवार से अपेक्षित है कि वह ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरें और संबंधित प्रमाण पत्र / दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन प्रपत्र भरने के निर्देश https://recruitment.dst.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

**टिप्पणी 1:** विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रमाण पत्र को भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा समतुल्यता प्रमाण पत्र के रूप में प्रमाणित किया जाना होगा। हालांकि, ऐसे मामले में जहां एआईयू उन विषयों में विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई ऐसी पेशेवर डिग्री की समतुल्यता के आवेदनों पर विचार नहीं करता है जो वर्तमान में एआईयू के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं और जहां ऐसे मामलों पर संबंधित पेशेवर परिषदों (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा कार्रवाई की जाती है, वहाँ आवेदक को ऐसी पेशेवर परिषद द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण पत्र अपलोड करने की आवश्यकता है। उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार अपने सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

**टिप्पणी 2:** ऐसे मामलों में जहाँ आवेदक इस समय राज्य सरकार / पीएसयू / स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि में कार्यरत हो, जहां वेतनमान केंद्र सरकार के वेतनमान के समरूप नहीं है, वहाँ आवेदक को उस राजपत्र अधिसूचना/ सरकारी आदेश को अपलोड करना होगा जिसमें राज्य सरकार/ पीएसयू / स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि में देय वेतनमान को केंद्र सरकार में सातवें सीपीसी के तत्समान वेतनमान/ स्तर के बराबर कर दिया गया हो। इस संबंध में, ऐसी समतुल्यता मुहैया कराने का दायित्व आवेदक का होगा और ऐसे मामलों में विभाग का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

II: **पंजीकृत या स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करना:**

7. आवेदक द्वारा कम्प्यूटर जनित आवेदन (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित) की हार्ड प्रति ली जानी चाहिए। संलग्न दस्तावेज़/प्रमाण पत्र के प्रिन्ट आउट को आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ अग्रेषित करना अपेक्षित नहीं है।
8. सरकारी विभागों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त संगठनों/ विश्वविद्यालयों/ मान्यता प्राप्त शोध संस्थानों में कार्यरत उम्मीदवारों को **आवेदन की हार्ड प्रति उचित माध्यम से प्रेषित**

**करना चाहिए।** ऐसे आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा, जब वे निर्धारित समय सीमा के भीतर विहित संरूप **(**अनुलग्नक- **I)** में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित 'प्रमाणपत्र' के साथ उचित माध्यम से प्राप्त होंगे।

9. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर **विचार नहीं किया जाएगा**, भले ही ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि से पहले भरा गया हो। इसलिए, ऐसे उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने विभाग/संगठन में अपने आवेदनों का अनुवर्तन करें और सुनिश्चित करें कि उनके संपूर्ण रूप में भरे हुए और उनके सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित आवेदन इस विभाग में निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त हो जाएं। साथ ही, किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। डाक में देरी या संबंधित अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा अग्रेषण में देरी आदि सहित किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। **इस संबंध में कोई रियायत नहीं दी जाएगी।**
10. पिछले पांच वर्षों के एसीआर / एपीएआर की अनुप्रमाणित प्रतियों के साथ उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन पत्र अवर सचिव (स्थापना- III), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, प्रौद्योगिकी भवन, नया महरौली रोड, नई दिल्ली-110016 को पंजीकृत डाक द्वारा या स्पीड पोस्ट द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के बंद होने की अंतिम तारीख के 15 दिनों के अंदर उचित माध्यम से अग्रेषित किया जाना अपेक्षित है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सामान्य डाक या कुरियर के माध्यम से आवेदन न भेजें।
11. निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों की सूची आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद डीएसटी की वेबसाइट पर पोस्ट की जाएगी। उम्मीदवार अपने आवेदनों की स्थिति की जांच कर सकते हैं। आवेदन सूची में नाम शामिल नहीं किए जाने से संबंधित किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवेदनों की अग्रिम प्रतियों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

<u>विज्ञापन के अंग्रेजी और हिंदी अनुवादों के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, विज्ञापन का अंग्रेजी अनुवाद अभिभावी होगा। आवेदनों की अग्रिम प्रतियों पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>

**टिपण: जिन उम्मीदवारों ने दिनांक 16 जुलाई, 2022 को रोजगार समाचार संस्करण में पहले प्रकाशित इस विज्ञापन के लिए आवेदन किया था तथा दिनांक 28.10.2022 के नोटिस के माध्यम से पात्र पाए गए थे, उन सभी उम्मीदवारों को भी अपनी उम्मीदवारी पर विचार किए जाने हेतु नया आवेदन करना होगा। ऐसे उम्मीदवारों से प्राप्त पूर्ववर्ती आवेदनों पर चयन हेतु विचार नहीं किया जाएगा।**

**Signed by Gautam Govind**
**Date: 03-02-2023 13:05:28**
**Reason: Approved**

**(गौतम गोविन्द)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

_

_

**<u>अनुलग्नक-I</u>**

**प्रमाण-पत्र**
**(संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी किया जाए)**

i. प्रमाणित किया जाता है कि /श्री/श्रीमती/सुश्री ................................ ने दिनांक ................ को इस संगठन में ............. पद पर कार्यभार ग्रहण किया और वे वर्तमान में पद पर............. कार्य कर रहे हैं/रही हैं।

ii. प्रमाणित किया जाता है कि इनके विवरणों को सत्यापित कर लिया गया है और उन्हें सही पाया गया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता कार्यवाही लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित है।

iii. श्री/ श्रीमती/सुश्री .................. के आवेदन की अनुशंसा की जाती है। उनका चयन हो जाने पर विभाग/संगठन उन्हें कार्यमुक्त कर देगा।

iv. विगत पांच वर्षो की एसीआर/एपीएआर की प्रतियां भी संलग्न हैं।

**संगठन/ कार्यालय प्रमुख**
**के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर**

स्थान:

दिनांक: